कार्यालय मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण परिक्षेत्र
निर्माण भवन, द्वितीय तल प्लाट नं. 27–28 अरेरा हिल्स भोपाल
E-Mail: cepwdbridge@mp.nic.in Ph. 2777146Fax 2779649

**क्रमांक** 1970 /स्था/सी.प./236/निःशक्तजन भर्ती/विशेष अभियान/2024 भोपाल,दिनांक 10/6/2024

**प्रति,**

संचालक,
सूचना तथा जनसंपर्क संचालंनालय,
बांणगंगा भोपाल।

**विषयः–** **राज्य स्तर के हिन्दी दैनिक समाचार पत्रों एवं रोजगार निर्माण में लोक निर्माण विभाग का विज्ञापन प्रकाशित करने बाबत।**

---000---

उपरोक्त विषयातंर्गत लेख है कि मुख्य अभियंता (सेतु परिक्षेत्र) लोक निर्माण विभाग, निर्माण भवन, अरेरा हिल्स, प्लाट नं. 27-28, भोपाल की विज्ञापन सूचना 10 प्रतियों में संलग्न है, जिन्हें राज्य स्तर के हिन्दी दैनिक समाचार पत्रों एवं रोजगार निर्माण में नियमानुसार आवश्यक रुप से तत्काल प्रकाशित किया जाना है।

अतः अनुरोध है कि विज्ञापन शीघ्र प्रकाशित करे, तथा प्रकाशन के पश्चात् प्रकाशित विज्ञप्ति एवं देयक भुगतान हेतु इस कार्यालय को भेजने का कष्ट करें।

**सहपत्रः–** उपरोक्तानुसार 10 प्रतियों में।

**मुख्य अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग**
**सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल**

**पृ.क्रमांक** /स्था/सी.प./236/निःशक्तजन भर्ती/विशेष अभियान/2024 भोपाल,दिनांक

**प्रतिलिपिः–**

1. प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, भोपाल की ओर आपके पत्र क्र.-303/34/2018/2085 दिनांक 29.08.2023 के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित।
2. पर्यवेक्षक, कार्यालय मुख्य अभियंता (सेतु परिक्षेत्र) लोक निर्माण विभाग निर्माण भवन भोपाल की ओर अग्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि प्रकाशन के पश्चात नियमानुसार देयक का भुगतान कराने की व्यवस्था करें।

**सहपत्रः–** शून्य

**मुख्य अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग**
**सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल**

कार्यालय मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण परिक्षेत्र
निर्माण भवन, द्वितीय तल प्लाट नं. 27-28 अरेरा हिल्स भोपाल
विशेष अभियान के तहत निःशक्तजन आरक्षित पदों की पूर्ति
भर्ती हेतु विज्ञापन

म.प्र.शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल, के पत्र क्र.-एफ 8-2/2013/आ.प्र./एक भोपाल दिनांक 04.01.2024 के प्रावधान अनुसार विशेष अभियान के तहत निःशक्त जनों के लिये निम्नानुसार पदों की पूर्ति वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से की जाना है। आवेदन पत्र इस पद हेतु निर्धारित योग्यता एवं अर्हता रखते हुये दर्शाये गये विहित प्रारूप में विज्ञापन जारी होने की तिथि से दिनांक 25.06.2024 तक कार्यालयीन समय 5:30 सांयकाल (अवकाश के दिनों को छोड़कर) कार्यालय मुख्य अभियंता (सेतु परिक्षेत्र) लोक निर्माण विभाग द्वितीय तल, निर्माण भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल पिनकोड नं.-462027 के नाम से प्रेषित करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जावेगा। डाक से हुए विलंब के लिये विभाग उत्तरदायी नही होगा। रिक्त पदों का विवरण, वेतनमान, निर्धारित योग्यता एवं वॉक-इन-इंटरव्यू के लिये निर्धारित तिथि की जानकारी निम्नानुसार है।

| क्र. | पदनाम | पद की श्रेणी | वेतनमान | निःशक्तजन के लिये आरक्षित रिक्तियों व प्रवर्ग एवं श्रेणीवार विवरण | | | | | निर्धारित योग्यता | वॉक-इन-इंटरव्यू हेतु निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दृष्टि बाधित और कम दृष्टि हेतु स्वीकृत पद | बहरे और कम सुनने वाले हेतु स्वीकृत पद | लोकोमोटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित है, सेरेबल, पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, एसिड अटेक पीडित, मस्कुलर डिस्ट्रफी हेतु स्वीकृत पद | ऑटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी और मानसिक बीमारी और वहू विकलांगता हेतु स्वीकृत पद | योग | | |
| 1 | स्टेनों टायपिस्ट | तृतीय श्रेणी | 19500-62000 समय-समय पर देय अन्य भत्ता | 1 | - | - | - | 1 | 1. म.प्र. बोर्ड (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण का प्रमाण पत्र।<br>2. मध्यप्रदेश शीघ्रलेखन तथा मुद्रलेखन परीक्षा बोर्ड या मध्यप्रदेश आई.टी.आई. से 80 शब्द प्रतिमिनिट से हिन्दी शीघ्रलेखन परीक्षा पास<br>3. निम्नालिखित संस्थाओं में से किसी एक से, एक वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा/सर्टिफिकेट अनिवार्य किया गया है:-<br>- यू.जी.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय से डिप्लोमा।<br>या<br>- यू.जी.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी मुक्त विश्वविद्यालय से डिप्लोमा।<br>या<br>- डी.ओ.ई.ए.सी.सी. से डिप्लोमा स्तर की परीक्षा।<br>या<br>- शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज से मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट कोर्स।<br>या<br>- शासकीय आई.टी.आई. द्वारा एक वर्षीय कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (COPA) प्रमाण-पत्र।<br>4. सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्र.-सी 3-15/2014/1/3 दिनांक 26.04.2015 अनुसार CPCT Score Card न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ धारित करना अनिवार्य होगा।<br>5. सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्र.-सी 3-07/2015/1/3 दिनांक 18.08.2015 अनुसार मान्यता प्राप्त संस्थाओं से कम्प्यूटर डिप्लोमा के अलावा निम्न अर्हतायें भी मान्य होगी।<br>- बी.ई. (सी.एस.ई./आई.टी.)/एम.सी.ए./बी.सी.ए./एम.एस.सी.(आई.टी./सी.एस.)/बी.एस.सी.(आई.टी./सी.एस.)/एम.टेक/एम.ई. इत्यादि।<br>6. बी.एस.सी./बी.कॉम डिग्रीयां जिनमें केवल कम्प्यूटर के एक विषयक का अध्यापन सम्मिलित है मान्य नही होगा। | दिनांक 02.07.2024 को समय 11:00 बजे से साक्षात्कार हेतु अपने मूल दस्तावेज के साथ उपस्थित होवें |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सहायक मानचित्रकार (सिविल) | तृतीय श्रेणी | 25300-80500 समय-समय पर देय अन्य भत्त | – | 1 | – | – | 1 | I.T.I. से वस्तुकला में पत्रोपाधि (डिप्लोमा) सिविल में मानचित्र कला या (ड्रॉफ्टमैनशिप) में सर्वेक्षण का प्रमाण-पत्र/सर्वेयर ट्रेड सार्टिफिकेट या व्यावसायिक इंडस्ट्रीयल कौसिल ऑफ वोकेशनल ट्रेनिग (3 वर्षीय) का शिशुक्षता प्रमाण-पत्र (Apprenticeship सर्टिफिकेट) या AutoCAD ज्ञान के साथ कम्प्यूटर साईस में बी.एस.सी. उपाधि या I.T. एण्ड टी.ओ. -1 स्तर का प्रमाण-पत्र। | दिनांक 03.07.2024 को समय 11:00 बजे से साक्षात्कार हेतु अपने मूल दस्तावेज के साथ उपस्थित होवें |
| 3 | अनुरेखक (सिविल) | तृतीय श्रेणी | 19500-62000 समय-समय पर देय अन्य भत्त | 1 | 1 | 1 | 1 | 4 | मध्यप्रदेश माध्यामिक शाला मण्डल से ड्राइंग विषय के साथ (10+2) शिक्षा प्रणाली के अतंर्गत हाई-स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण या उसके समकक्ष कोई परीक्षा पास का प्रमाण-पत्र या राज्य सरकार द्वारा इससे निमित मान्यता प्राप्त किसी बोर्ड या संस्था का प्रमाण-पत्र या मान्यता प्राप्त किसी अन्य समतुल्य बोर्ड का उच्चतर माध्यमिक (तकनीकी) परीक्षा का प्रमाण-पत्र डी.ओ.ई.ए.सी.सी. या ओ स्तर का प्रमाण-पत्र AutoCAD का प्रमाण-पत्र। | दिनांक 05.07.2024 को समय 11:00 बजे से साक्षात्कार हेतु अपने मूल दस्तावेज के साथ उपस्थित होवें |
| 4 | सहायक ग्रेड-3 | तृतीय श्रेणी | 19500-62000 समय-समय पर देय अन्य भत्त | 2 | 3 | 1 | 2 | 8 | 1. म.प्र. बोर्ड (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण का प्रमाण पत्र।<br>2. निम्नलिखित संस्थाओं मे से किसी एक से, एक वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा/सर्टिफिकेट अनिवार्य किया गया है:-<br>- यू.जी.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय से डिप्लोमा।<br>या<br>- यू.जी.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी मुक्त विश्वविद्यालय से डिप्लोमा।<br>या<br>- डी.ओ.ई.ए.सी.सी. से डिप्लोमा।<br>या<br>- शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज से मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट कोर्स।<br>या<br>- शासकीय आई.टी.आई. द्वारा एक वर्षीय कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रमिग असिस्टेंट (COPA) प्रमाण-पत्र।<br>3. सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्र.-सी 3-15/2014/1/3 दिनांक 26.04.2015 अनुसार CPCT Score Card न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ धारित करना अनिवार्य होगा।<br>4. सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्र.-सी 3-07/2015/1/3 दिनांक 18.08.2015 अनुसार मान्यता प्राप्त संस्थाओं से कम्प्यूटर डिप्लोमा के अलावा निम्न अर्हतायें भी मान्य होगी।<br>- बी.ई. (सी.एस.ई./आई.टी.)/एम.सी.ए./बी.सी.ए./एम.एस.सी./(आई.टी./सी.एस.)/बी.एस.सी.(आई.टी./सी.एस.)/एम.टेक/एम.ई. इत्यादि।<br>5. बी.एस.सी./बी.कॉम डिग्रीयां जिनमें केवल कम्प्यूटर के एक विषयक का अध्यापन सम्मिलित है मान्य नही होगा। | दिनांक 08.07.2024 एवं 09.07.2024 को समय 11:00 बजे से साक्षात्कार हेतु अपने मूल दस्तावेज के साथ उपस्थित होवें |

**अन्य शर्ते :-**

1. आवेदक का मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
2. समस्त प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा अथवा स्वयं सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. आवेदक की आयु न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष, आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को नियमानुसार 05 वर्ष की छूट का प्रावधान है।
4. आवेदक का म.प्र. में किसी भी रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
5. विभाग में कार्यरत आवेदक कर्मचारी नियोजक के माध्यम से आवेदन कर सकते है।
6. साक्षात्कार के समय सभी प्रमाण-पत्रों की मूल प्रतियां दिखाना अनिवार्य है।
7. निःशक्तता का डिजीटल प्रमाण-पत्र संबंधित जिले के शासकीय जिला चिकित्सालय में मेडिकल बोर्ड के द्वारा जारी किया गया ही मान्य होगा।
8. पिछड़ा वर्ग का डिजीटल जाति-प्रमाण-पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया ही मान्य होगा।
9. कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिये निर्धारित की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, इस पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नही होगा।
10. जिस आवेदक को 02 से अधिक संतान है उनमें से एक का जन्म यदि 26 जनवरी 2001को या उसके पश्चात हुआ हो तब ऐसा आवेदक नियुक्ति के लिये पात्र नही होगा।
11. नियुक्ति से संबंधित सभी अधिकार मुख्य अभियंता (सेतु परिक्षेत्र) लोक निर्माण विभाग भोपाल के पास सुरक्षित होगें।

मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग
सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल